# INDIA NON JUDICIAL

IN-UP99056333237667V

## Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP99056333237667V |
| Certificate Issued Date | : | 28-Aug-2023 12:14 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14308404/ BILGRAM/ UP-HRD |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14308404936928325918 49V |
| Purchased by | : | NAGENDRA SINGH DWARA ADHYACH A B SINGH SEWA TRUST |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | LAND SITUATED AT VILLAGE MADHIYA JAFARPUR PARGANA AND TEHSIL BILGRAM HARDOI |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | A B SINGH SEWA TRUST |
| Second Party | : | NAGENDRA SINGH DWARA ADHYACH A B SINGH SEWA TRUST |
| Stamp Duty Paid By | : | NAGENDRA SINGH DWARA ADHYACH A B SINGH SEWA TRUST |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 550 (Five Hundred And Fifty only) |

Verified Locked

Please write or type below this line

Nagendra Singh    Dharam Singh    Sushant Rajput

Abhishek Rajput

नि० आशीर्वाद

Abhishek Rajput

Manager
NSDA Montessori School
Pali, Hardoi

0040682135

VOID

Statutory Alert:







ट्रस्ट डीड आफ

# ए. बी. सिंह सेवा ट्रस्ट

आज दिनांक28अगस्त सन 2023 को मैं संस्थापक ट्रस्टी नागेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री अहिवरन सिंह निवासी ग्राम मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उत्तर प्रदेश **ए बी सिंह सेवा ट्रस्ट** नाम से ट्रस्ट बनाने की घोषणा करता हूं इस ट्रस्ट के लिए ₹11000 देता हूं यह राशि ट्रस्ट के उद्देश्यों पर व्यय की जाएगी ट्रस्ट डीड में जो नियम एवं उप नियम निर्धारित किए गए हैं उनके अनुसार तथा भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 की धाराओं के अनुसार ट्रस्ट संचालित होगा।

- **1-ट्रस्ट का नाम – ए बी सिंह सेवा ट्रस्ट**
- **2-ट्रस्ट का पता - ट्रस्ट का मुख्यालय ग्राम मढिया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उत्तर प्रदेश**
- **3-ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र - संपूर्ण भारतवर्ष**

Nagendra Singh Dheeraj Singh Sushant Rajput

Abhishek Rajput

Abhishek Rajput

**Manager**

**NSDA Montessori School**

अनीता देवी

- **4-ट्रस्ट के उद्देश्य-**

(क)- भारतवर्ष में ट्रस्ट के माध्यम से समाज व राष्ट्र की सेवा करना तथा वर्ग समुदाय में प्रेम व एकता की भावना को उत्पन्न करना।

(ख)- भारत वर्ष में समाज के गरीब अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक आदिवासी बनवासी विकलांग अनाथ असहाय वृद्ध व्यक्तियों महिलाओं कामकाजी महिलाओं परित्यक्ता एवं विधवा महिलाएं एवं बालक बालिकाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, हैंडीक्राफ्ट शिक्षा, हस्तशिल्प प्रशिक्षण एवं सेमिनार तथा स्वरोजगार शिक्षा केंद्रों की स्थापना करना और उनका संचालन करना तथा आर्थिक मदद करना एवं ऋण उपलब्ध कराना।

(ग)- भारत के अनेक राज्यों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, यूनिवर्सिटी, अध्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण विधि शिक्षण संस्था, मेडिकल कॉलेज (एलोपैथिक, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी आदि) कृषि विज्ञान केंद्र, पशु चिकित्सा, खेलकूद अकादमी, फार्मेसी (आयुर्वेद, एलोपैथी, होम्योपैथिक,योग एवं नेचुरोपैथी यूनानी आदि) तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षण संस्थानों प्रबंधन के संस्थानों की स्थापना करना एवं उनका संचालन करना।

(घ)- भारतवर्ष के सर्वांगीण कल्याण एवं उत्थान के लिए विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से आवश्यक तकनीकी एवं प्रशिक्षण द्वारा भारत के अनेक राज्यों में केंद्र स्थापित कर ज्ञान विज्ञान का प्रचार करना।

(ड़)- भारतवर्ष में रहने वाले विभिन्न वर्ग के बालक बालिकाओं को उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विशेष शिक्षण हेतु विदेश में भेजने का प्रबंध करना तथा उनकी आर्थिक सहायता करना।

(च)- भारतवर्ष के अनेक राज्यों में पुस्तकालय वाचनालय सामुदायिक केंद्र, वृद्ध आश्रम, अनाथ आश्रम, गुरुकुल, आध्यात्मिक उपासना केंद्र, मंदिर, योग साधना केंद्र, धर्मशाला, महिला कल्याण आश्रम, बालक बालिका कल्याण आश्रम, नशा मुक्ति केंद्र एवं अनुसंधान

Nagendra Singh    Bheem Singh    Sushant Rajput



Abhishek Rajput    Abhishek Rajput

Manager

केंद्रों की स्थापना करना तथा उनका संचालन करना ।

(छ)- राष्ट्रीय आपदा जैसे आतंकवादियों द्वारा उजाडे गए परिवार महामारी भूकंप सुनामी लहरों जैसी अन्य दुर्घटनाएं आदि राष्ट्रीय आपदा ग्रस्त बालक बालिकाओं की शिक्षा के लिए कार्य करना तथा भारतवर्ष में कमजोर वर्ग की महिलाओं पुरुषों बालक बालिकाओं के भोजन आवास रोजगार आदि की व्यवस्था करना तथा उनकी आर्थिक मदद करना ।

(ज)- भारतवर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षाविदों, कवियों, चिकित्सकों, साहित्यकारों, राजनीतिज्ञों, पत्रकार, अभिनेता, खिलाड़ी, वैज्ञानिक एवं समाज सेवियों को सम्मानित करना ।

(झ)- विदेश में शिक्षा कृषि स्वास्थ्य ऊर्जा विज्ञान एवं अन्य तकनीकी शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में नवीनतम जानकारी एवं अध्ययन संबंधी कार्यकलापों का व्यावहारिक स्वरूप जानने के लिए विदेश में प्रतिनिधिमंडल भेज कर भारत में नवीनतम ज्ञान विज्ञान का प्रशिक्षण देना विश्व की समस्याओं एवं विश्व कल्याण में संबंधित विषयों पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करना विश्व में प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ाने के लिए उनकी संस्कृति तथा हमारी संस्कृति दोनों की संस्कृतियों से परिचित होने के लिए अपने प्रतिनिधियों को विदेशों में भेज कर और विदेश के प्रतिनिधियों को भारत में बुलाकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना और उनके रहने आदि सुविधाओं की व्यवस्था करना ।

(ञ) - भारतवर्ष में पानी की समस्या को देखते हुए जल संसाधन तथा जल संरक्षण के संदर्भ में कार्य करना ।

(ट)- भारत की जनता में जागरूकता लाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया का संचालन करना प्रशिक्षण शिविर रैली गोष्ठियों तथा सम्मेलनों का आयोजन करना जन चेतना हेतु पुस्तकों एवं पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन तथा साहित्य का निशुल्क वितरण करना ।

(ठ)- ट्रस्ट अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दान, विदेशी सहायता, सरकारी, अर्ध सरकारी सहायता, अनुदान, गिफ्ट, चल-अचल संपत्ति प्राप्त करेगा ।

(ड)- भारतवर्ष में पर्यावरण के संरक्षण में सहयोग के लिए जड़ी बूटियां जंगलों जल स्रोतों

Narender Sud    Bheem Singh    Sushant Rajput

Abhishek Rajput    Abhishek Rajput    Manager    अनीता देवी

जंगली जीवों वनस्पति और प्रकृति के अनेक वरदानों की रक्षा करना और उन्हें विकसित करना ।

(ढ)- भारतवर्ष के ग्रामीण एवं शहरों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए अनेक साधनों द्वारा सेवा कार्य करना तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, एलोपैथिक, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आदि द्वारा पीड़ितों की सहायता करना डिस्पेंसरी एवं हॉस्पिटलों का निर्माण कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ।

(ण)- भारतवर्ष में भूमि को विकसित करना किसानों को नई तकनीकियों से खेती करना कृषि फार्मो तथा डेरी फार्मो आदि केन्द्रों की स्थापना करना ।

(त)- भारतवर्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा शिविरों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता सद्भावना सामाजिक सामर्थ्य के कार्य करना एवं जन चेतना उत्पन्न करना हर उन कार्यक्रमों एवं कार्यों को करना जिससे समाज का कल्याण एवं उत्थान हो ।

(थ)- भारतवर्ष में पशु पक्षियों जलचर, नवचर जानवरों के कल्याण के लिए कार्य करना उनके रहने तथा चिकित्सा का प्रबंध करना ।

(द)- अन्य संस्थाओं ट्रस्टों और गैर सरकारी संस्थाओं की सहायता करना उनसे सहायता लेना और उनके साथ सहयोग करना तथा उनके साथ मिलकर भारतवर्ष के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य करना ट्रस्ट के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने के लिए कथाओं, सत्संग, समारोह, यज्ञ आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना एवं इन कार्यक्रमों में जनता से दान एवं गुप्त दान की अपील करना तत्पश्चात आए हुए दान एवं गुप्त दान से संकल्पना को पूरा करने का प्रयास करना ।

(ध)- भारत के संविधान के अनुसार मानव अधिकारों की रक्षा करना एवं समाज में हो रहे अत्याचार भ्रष्टाचार व अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता उत्पन्न करना तथा कार्यपालिका व न्यायपालिका की मदद से संविधान कानून व नियमों एवं मानव मात्र के अधिकारों की रक्षा करना एवं न्यायालय में जनहित याचिका के माध्यम से संविधान कानून व नियमों एवं राष्ट्र हितों की रक्षा करना ।

Narendra Singh    Aleem Siy    Sushant Rajput



Abhishek Rajput Abhishek Rajput

Manager

**जिन ट्रस्टों को बोर्ड आफ ट्रस्टियों में पदाधिकारी एवं सदस्यों के रूप में कार्य सोपा गया है उनके वर्तमान नाम व दायित्व निम्न प्रकार हैं-**

| क्र. स. | नाम | पता | व्यवसाय | पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नागेन्द्र सिंह | मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उ.प्र. | शैक्षणिक प्रबन्धन, पेन्सनर एवं कृषि | अध्यक्ष |
| 2 | डा. धीरू सिंह राजपूत | मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उ.प्र. | डाक्टर, शैक्षणिक प्रबन्धन, कृषि | सचिव |
| 3 | डा. सुशान्त राजपूत | मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उ.प्र. | डाक्टर | कोषाध्यक्ष |
| 4 | डा. अभिषेक राजपूत | मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उ.प्र. | डाक्टर | सदस्य |
| 5 | अनीता देवी | मढ़िया जफरपुर पोस्ट परसोला हरदोई उ.प्र. | कृषि | सदस्य |

**5- ट्रस्ट सदस्यता एवं चुनाव संबंधी नियम-**

(क)- ट्रस्ट में सभी आजीवन ट्रस्टियों को मिलाकर एक साधारण सभा कहलाएगी साधारण सभा की बैठक प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात हुआ करेगी जिसमें बोर्ड आफ ट्रस्ट का गठन अध्यक्ष करेंगे अध्यक्ष आवश्यकता पड़ने पर साधारण सभा की बैठक कभी भी बुला सकते हैं अध्यक्ष बोर्ड आफ ट्रस्ट के आजीवन अध्यक्ष रहेंगे बोर्ड आफ ट्रस्ट पांच सदस्यों

Nagendra Singh    Dheeru Singh    Sushant Rajput

Abhishek Rajput

Manager    Abhishek Rajput    अनीता देवी

का होगा जिसमें एक अध्यक्ष एक सचिव एक कोषाध्यक्ष और दो सदस्य होंगे तथा आजीवन रहेगे । अध्यक्ष या बोर्ड ऑफ ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी अपने जीवन के अंतिम समय मे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकेंगे अध्यक्ष यदि त्यागपत्र दे या किसी अन्य को अध्यक्ष बनाए तो बोर्ड ऑफ ट्रस्ट के ही किसी सदस्य को अध्यक्ष घोषित करेगा अध्यक्ष द्वारा त्यागपत्र देने अथवा अध्यक्ष की अचानक मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट के सचिव ही अध्यक्ष होंगे तथा अध्यक्ष के समस्त उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे ।

(ख)- ट्रस्टियों की संख्या अधिक से अधिक 11 तक हो सकती है कोई भी व्यक्ति जो भारत का नागरिक है 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह व्यक्ति इस ट्रस्ट का आजीवन ट्रस्टी बनने के लिए लिखित रूप से ट्रस्ट द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा करना होगा तदनंतर बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठक में उसकी सदस्यता स्वीकार एवं अस्वीकार का निर्णय लिया जाएगा सदस्यता स्वीकार करने पर ट्रस्ट को 11000/- रुपये देय होंगे ।

**6- बोर्ड ऑफ ट्रस्ट के अधिकार एवं कर्तव्य-**

(क)- ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी व्यवस्थाओं की देखभाल करना ।

(ख)- ट्रस्ट की समस्त चल अचल संपत्तियों को क्रय विक्रय करने एवं गिरवी रखने तथा दान देने का अधिकार बोर्ड आफ ट्रस्ट का होगा क्रय विक्रय गिरवी रखने तथा दान देने से संबंधित सभी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार अध्यक्ष का होगा ।

(ग)- ट्रस्ट के वार्षिक आय व्यय को स्वीकार करना ।

(घ)- आजीवन ट्रस्टियों की सदस्यता को स्वीकार अस्वीकार करना बोर्ड आफ ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी व्यक्ति के सदस्यता आवेदन को बिना कोई कारण बताए अस्वीकृत कर सकता है ट्रस्ट का आजीवन ट्रस्टी बनने के लिए यह अनिवार्य होगा कि बोर्ड आफ ट्रस्ट द्वारा सदस्यता के आवेदन को स्वीकृत किया गया हो ।

(ङ)- बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठकों में सभी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर या सर्वसम्मति से स्वीकार अस्वीकार किए जाएंगे ।

Nagender Singh Bheem Singh Sushant Rajput

Abhishek Rajput
**Manager**

Abhishek Rajput

(च)- ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार किया जा रहे कार्यों में आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति करने एवं उनके वेतन अथवा मानदेय (पारिश्रमिक) निश्चित करना और सेवाएं समाप्त करने के लिए चयन समितियों का गठन करना समितियों का गठन करने व परिवर्तन करने तथा भंग करने का अधिकार बोर्ड आफ ट्रस्ट का होगा ।

(छ)- भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार किए जा रहे कार्यों में राज्य के ततसंबंधित विभागों द्वारा निर्दिष्ट नियमों के अनुसार प्रबंधन समितियों में ट्रस्ट के प्रतिनिधियों को नामित करना उन्हें हटाना एवं उनके स्थान पर नए प्रतिनिधि नामित करना तथा भारतवर्ष में ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार किया जा रहे कार्यों के लिए प्रबंधन समितियों का गठन करना एवं उनके अधिकार तथा कर्तव्यों का निर्धारण करना प्रबन्धन समितियों में परिवर्तन करना तथा भंग करना ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार भारत वर्ष में कार्यों के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यालयों की स्थापना करना ।

(ज)- शैक्षणिक और तकनीकी विषयों तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार किए जा रहे कार्यों के लिए वेतनिक अथवा वैधानिक परामर्शदाता निदेशक सलाहकार प्रबंधक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करना और उनका मानदेय पारिश्रमिक निश्चित करना ।

**7- बोर्ड आफ ट्रस्ट के पदाधिकारी के अधिकार एवं कर्तव्य-**

**I- अध्यक्ष**

(क)- ट्रस्ट के सभी कार्यों और विषयों के समुचित निपटारे के लिए उत्तरदायी होंगे वे उन सभी शक्तियों का प्रयोग करेंगे जो नियमों तथा उप नियमों द्वारा एवं साधारण सभा व बोर्ड आफ ट्रस्ट द्वारा उन्हें दी जाएगी ट्रस्ट के अध्यक्ष साधारण सभा व बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे ।

(ख)- साधारण सभा एवं बोर्ड आफ ट्रस्ट के विचाराधीन किसी भी प्रस्ताव पर पक्ष और विपक्ष में मतों की संख्या समान होने पर उन्हें निर्णायक मत कास्टिंग

Abhishek Rajput
Manager

वोट देने का अधिकार होगा अध्यक्ष आवश्यकता पड़ने पर साधारण सभा और बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठक बुला सकते हैं वह साधारण सभा व बोर्ड आफ ट्रस्ट द्वारा लिए गए निर्णय के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे संस्थान के उद्देश्यों और लक्षण से संबंधित किसी भी परियोजना के लिए अधिकतम 10 लाख रुपए व्यय करने का अधिकार होगा तथा आकस्मिक कार्यों के लिए 10 लाख रुपए तक की राशि अपने पास रखने का अधिकार होगा ।

(ग)- यदि कोई बोर्ड आफ ट्रस्ट का पदाधिकारी या सदस्य बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठकों में बोर्ड आफ ट्रस्ट एवं साधारण सभा की बैठकों में अनुशासनहीनता या ट्रस्ट के विपरीत आचरण करता है एवं अध्यक्ष की नजरों में अपने उत्तरदायित्वों का पालन सही ढंग से नहीं करता है तो उस पदाधिकारी व सदस्यों को बोर्ड आफ ट्रस्ट तथा साधारण सभा से हटाने का पृथक करने का विशेष अधिकार प्राप्त होगा अध्यक्ष महोदय हटाए गए पदाधिकारी या सदस्य के स्थान पर ट्रस्टियों में से उनके स्थान को भरेंगे इस प्रकार नामित व्यक्ति अपने पद पर उस सदस्य के जिसके स्थान पर वह आया है शेष कार्यकाल के लिए कार्य करेंगे ।

(घ)- अध्यक्ष को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किसी भी व्यक्ति या संस्था से नगद दान, गिफ्ट, चल-अचल संपत्तियों को प्राप्त करने का अधिकार होगा ।

(ड)- ट्रस्ट के अध्यक्ष को उद्देश्यों के अनुसार संचालित कार्यकलापों में तदर्थ आधार पर कर्मचारियों को नियुक्त करने का विशेष अधिकार होगा ।

**II - सचिव**

(क)- अध्यक्ष की आज्ञा से साधारण सभा एवं बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठक बुलाने के लिए पत्र व्यवहार करना ।

(ख)- बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठकों की कार्यवाही लिखना ।

Nagendra Singh Dheeraj Singh Sushant Rajput

Abhishek Rajput Abhishek Rajput

**Manager**
**NSDA Montessori School**

(ग)- सभी ट्रस्टियों की बैठक को साधारण सभा कहा जाएगा ।

(घ)- साधारण सभा एवं बोर्ड आफ ट्रस्ट की सभी बैठकों में बहुमत के आधार पर कोरम पूरा माना जाएगा ।

**11- बैंक व्यवस्था-**

ट्रस्ट का खाता किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, प्राइवेट बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, डाकघर एवं भारत सरकार के किसी भी बैंकिंग संबंधी उपक्रम में खोला जा सकता है खाता बोर्ड आफ ट्रस्ट की बैठक के पास प्रस्ताव के आधार पर खोला जाएगा ।

**12- वित्तीय व्यवस्था-**

ट्रस्ट का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक माना जाएगा प्रतिवर्ष अकाउंट को ऑडिट कराया जाएगा ।

**13- न्यायालय एवं अभियोग संबंधी नियम**

जब कभी कोई व्यक्ति ट्रस्ट पर न्यायालय में जाकर अभियोग लगता है अथवा कोई विभाग या व्यक्ति ट्रस्ट से संबंधित मामलों पर कार्यवाही करता हैं तो उसे स्थिति में ट्रस्ट के अध्यक्ष अथवा बोर्ड आफ ट्रस्ट द्वारा अधिकृत व्यक्ति न्यायालय में ट्रस्ट की ओर से कार्यवाही करेगी न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी अनुकूल या प्रतिकूल निर्णय ट्रस्ट पर ही प्रभावी होगा किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं ।

**14- विघटन संबंधी नियम-**

ट्रस्ट की जब कभी भंग होने की स्थिति आ जाएगी तो उसे स्थिति में ट्रस्ट के अध्यक्ष साधारण सभा की बैठक बुलाकर उसमें सभी ट्रस्टियों से विचार विमर्श के उपरांत निर्णय लेंगे अध्यक्ष का निर्णय अंतिम माना जाएगा और यदि ट्रस्ट भंग करने का निर्णय लिया जाता है तो ट्रस्ट की समस्त चल अचल संपत्ति किसी ऐसे ट्रस्ट को दे दी जाएगी जिसका उद्देश्य लोकोपककारक हो ।

Dheer Singh    Sushant Rajput

Hapendra Singh



Abhishek Rajput    Abhishek Rajput

Manager

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त ट्रस्ट भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 की धाराओं के अनुसार कार्य करेगा ।

साक्षी न. 1

हस्ताक्षर ..अमरेश प्रताप सिंह

नाम- अमरेश प्रताप सिंह S/o [illegible]

पता- [illegible] हरदोई

ट्रस्ट के संस्थापक के हस्ताक्षर

नाम-

पता-

साक्षी न. 2

हस्ताक्षर

नाम- कृपाल सिंह S/o [illegible]

नि० [illegible] हरदोई

Sushant Rajput

Dheeru Singh

Nagendra Singh

Abhishek Rajput

[illegible]

Abhishek Rajput

**Manager**
**NSDA Montessori School**
**Pali, Hardoi**

...300812007488

...संख्या 8 के पृष्ठ 287 से 310 तक क्रमांक 11 पर दिनाँक 28/08/2023 ...गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

मनोज कुमार मिश्र
उप निबंधक : बिलग्राम
हरदोई
28/08/2023

Manager
NSDA Montessori School
Pali, Hardoi

प्रिंट करें

उप निबन्धक बिलग्राम, जिला हरदोई
सत्यमेव जयते
उत्तर प्रदेश